दिनांकः 06.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए एनआईए के तहत मॉडल आतंकवाद विरोधी संरचना की स्थापना का आह्वान किया।
- जयपुर में सुशासन विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन रचनात्मक विचार–विमर्श के बाद सफलतापूर्वक संपन्न।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश दौरे पर।
- नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा–आम नागरिक सरकार से जारी किसी भी पहचान पत्र और पता प्रमाण के साथ ड्रोन पायलट बन सकते हैं।

....................

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्रीय और राज्य एजेंसियां पिछले नौ वर्षों में देश में सभी प्रकार के आतंकवाद पर मजबूती से अंकुश लगाने में सफल रही है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए द्वारा कल आयोजित दो दिन के आतंकवाद विरोधी सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अभिकरण के दायरे में, मॉडल आतंकवाद विरोधी संरचना स्थापित की जानी चाहिए। श्री शाह ने कहा कि केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए प्रक्रिया को एकसमान बनाया जाना चाहिए। गृहमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सभी आतंकवाद विरोधी एजेंसियों को आतंकवादियों पर इस प्रकार की कार्रवाई करनी चाहिए कि कोई नया आतंकी संगठन न बन सके। उन्होंने कहा कि एनआईए, आतंकवाद निरोधक दस्ते और विशेष कार्य बलों का काम केवल जांच तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें आतंकवाद से निपटने के लिए लीक से हटकर सोचना चाहिए और उसी प्रकार कदम उठाने चाहिए।

....................

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए धन की उपलब्धता कोई बाधा नहीं है। मनरेगा एक मांग–संचालित मजदूरी रोजगार कार्यक्रम है और राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों को धन जारी करना एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार काम की मांग को देखते हुए धन उपलब्ध करा रही है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन न करने के कारण मनरेगा की धारा 27 के प्रावधान के अनुसार पश्चिम बंगाल का फंड पिछले वर्ष मार्च से रोक दिया गया।

....................

जयपुर में सुशासन विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन कल रचनात्मक विचार–विमर्श के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने अपने उद्‌घाटन भाषण में सिविल सेवकों से राष्ट्र की सेवा के लिए प्रधानमंत्री के "राष्ट्र पहले, हमेशा पहले" के मंत्र को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना के तहत 13 पुरस्कार विजेताओं ने अपने उत्कृष्ट कार्य प्रस्तुत किए और अनुभव साझा किए। सम्मेलन के दो नीति सत्र और नौ तकनीकी सत्र में 35 वक्ता शामिल हुए। 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हाइब्रिड मोड में पांच सौ अधिकारियों के साथ भाग लिया।

....................

सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता बढ़ाने और कार्यस्थल की क्षमता बेहतर बनाने के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के विशेष स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण पूरे जोरों पर है। अभियान का आरंभिक चरण 15 सितंबर को शुरू हुआ था। इसमें लक्ष्यों की पहचान की गई। मुख्य अभियान 2 अक्टूबर से शुरू हुआ, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्रालय में इसके तहत मुख्य केन्द्रित क्षेत्रों में सार्वजनिक शिकायतों के प्रभावी निपटान, संसद सदस्यों के संदर्भ मसौदे, संसदीय आश्वासन,

स्वच्छता अभियान, कबाड़ों का निपटान और गैरजरूरी फाइलों को हटाना और अन्य स्वच्छता संबंधी गतिविधियां शामिल हैं। मंत्रालय इस अभियान का इस्तेमाल बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन के लिए कर रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मुख्य सचिवालय और अधीनस्थ कार्यालयों में विशेष अभियान आरंभ किया है। शुरूआती चरण में प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार लक्ष्य निर्धारित किए गए। यह अभियान कार्य स्थल और आस–पास का क्षेत्र साफ सुथरा रखने और जनता में स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा कार्यालयों में सर्वोत्तम परंपरा के पालन पर केंद्रित है।

....................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश दौरे पर रहेंगे। वे सीकर जिले में लक्ष्मणगढ़ के मोदी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे।एक दिवसीय यात्रा में उप राष्ट्रपति त्रिवेणी धाम, सांगलिया धूणी और वीर तेजाजी मंदिर में दर्शन भी करेंगे।

....................

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बूंदी के केशोरायपाटन स्टेशन पर विकास कार्य करवाए जाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल झालावाड़–गंगानगर ट्रेन का केशोरायरायपाटन में ठहराव शुरू करवाते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही कई अन्य विकास कार्य भी होंगे।

....................

बूंदी के नवल सागर पर कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने फसाड लाइट्स का उद्घाटन किया। इन लाइट्स के शुरू होने से नवल सागर रोशनी में जग–मगा उठा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बूंदी को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जाएगा। श्री बिरला ने कहा कि नवल सागर में लाइट एंड साउण्ड शो शुरू होने से बूंदी में रात्रिकालीन पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस फसाड लाइट्स से बूंदी की ऐतिहासिक और वैभवशाली विरासत का नया निखार नजर आएगा। इससे बड़ी संख्या में पर्यटक रात के समय भी आएंगे, जिससे क्षेत्र में आर्थिक विकास बढ़ेगा।

....................

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि अब आम नागरिक सरकार से जारी किसी भी पहचान पत्र और पता प्रमाण के साथ ड्रोन पायलट बन सकते हैं। मंत्रालय ने ड्रोन पायलटों के लिए नया ड्रोन संशोधन विनियम 2023 अधिसूचित कर दिया है। संशोधन के बाद यह स्पष्ट कर दिया गया है कि पासपोर्ट नहीं होने की स्थिति में सरकार द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस जैसे सरकारी पहचान और पता प्रमाण पत्र अब रिमोट पायलट सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करने के लिए स्वीकार्य होंगे। मंत्रालय ने कहा कि पासपोर्ट की अपेक्षा ड्रोन पायलट बनने के इच्छुक लोगों के लिए बाधा साबित हो रही थी और सरकार का यह कदम 2030 तक भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने की दिशा में एक प्रयास है। नया नियम पिछले महीने की 27 तारीख से प्रभावी माना जाएगा।

....................

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए झालावाड़ के भीलवाड़ी में आमजन को स्वीप कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उपखंड अधिकारी ने कल सभी को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। वहीं डग के मंदीरपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान सरकारी स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद रहे।

....................

उदयपुर में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही के तहत कल घंटाघर थाना क्षेत्र में छापा मारकर दो लोगों से एक करोड़ 44 लाख रुपये हवाला राशि बरामद की गयी। इसके बाद पुलिस ने मामले से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी है।

....................

राज्य सरकार ने डूंगरपुर में बांसवाड़ा–डूंगरपुर सीमा पर बोरेश्वर मंदिर के पास माही नदी पर दो लेन के पुल निर्माण की स्वीकृति दे दी है। इस उच्च स्तरीय पुल और पुल के दोनों ओर पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 75 करोड़ 31 लाख रुपए मंजूर किए गये हैं। पुल के बनने से स्थानीय निवासियों और यातायात का आवागमन आसान होगा।

....................

हनुमानगढ़ के रावतसर में जयपुर रोड़ पर 29 डी डब्ल्यू डी के पास कल अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों मृतक उत्तरप्रदेश के मैनपुरी के निवासी हैं। रावतसर पुलिस ने तीनों युवकों के शव को सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया है।

....................

बीकानेर में कृषि और उद्यानिकी में हो रहे नवाचारों की जानकारी लेने के उद्देश्य से गुजरात के बड़ोदरा की 48 महिला कृषकों के एक दल ने कल स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की मरूशक्ति इकाई में डॉ. ममता सिंह ने बाजरे के मूल्य संवर्धन की जानकारी देते हुए बाजरे के बिस्किट, कुरकुरे, मफिन और खांखरे बनाने की जानकारी दी। वहीं इंजीनियर जितेंद्र गौड़ ने बूंद–बूंद सिंचाई पद्धति और बायोगैस संयंत्र की स्लरी के उपयोग के बारे में जानकारी दी।

....................